स्नातक हिन्दी (प्रतिष्ठा)-द्वितीय खण्ड
(तृतीय पत्र- आधुनिक हिन्दी काव्य)

— डॉ० मुन्ना खाह
हिन्दी विभाग

वस्तुनिष्ठ/अतिलघुत्तरीय प्रश्नोत्तर -प्रसाद, निराला (छायावाद)

1 जयशंकर प्रसाद की प्रथम कविता 'सावन-पंचक' सन 1906ई. में भारतेंदु पत्रिका में किस उपनाम से प्रकाशित हुई थी?
— कलाधर

2. जयशंकर प्रसाद की प्रथम छायावादी कविता कौन-सी है?
— प्रथम प्रभात (सन् 1918ई. में, झरना में संकलित)

3. जयशंकर प्रसाद की किस पुस्तक को चंपूकाव्य कहा जाता है?
— उर्वशी

4. खड़ी बोली में जयशंकर प्रसाद का प्रथम काव्य संग्रह कौन है?
— कानन-कुसुम

5. जयशंकर प्रसाद के गुरु का नाम क्या था?
— मोहिनीलाल

6. 'छायावाद की प्रथम प्रयोगशाला' किस रचना को कहा जाता है?
— झरना

7. 'आधुनिक हिन्दी का मेघदूत' किस रचना को कहा जाता है?
— आँसू (133 छंदों का विरह प्रधान स्मृति काव्य)

8. जयशंकर प्रसाद द्वारा ब्रजभाषा में रचित कविताएँ किस काव्य संग्रह में संकलित हैं?
— चित्राधार

9. जयशंकर प्रसाद ने अपनी किस रचना को ब्रजभाषा से खड़ीबोली में अनुवाद किया था?
— प्रेम पथिक (1914 में)

10. जयशंकर प्रसाद कृत कामायनी महाकाव्य में कितने सर्ग हैं?
— 15 (1.चिन्ता, 2. आशा, 3. श्रद्धा, 4. काम, 5. वासना, 6. लज्जा, 7. कर्म, 8. ईर्ष्या, 9. इड़ा, 10. स्वप्न, 11. संघर्ष, 12. निर्वेद, 13. दर्शन, 14. रहस्य, 15. आनन्द)

Scanned with CamScanner

11 कामायनी के पात्र और प्रतीक →

पात्र		प्रतीक
मनु	—	मन
श्रद्धा	—	हृदय
इड़ा	—	बुद्धि
कुमार	—	मानव

12. कामायनी को छायावाद का उपनिषद किसने कहा था?
— आचार्य शांतिप्रिय द्विवेदी

13. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का जन्म कहाँ हुआ था?
— महिषादल (मेदनीपुर)

14. निराला का प्रथम काव्य संग्रह का नाम क्या है?
— अनामिका

15. निराला द्वारा रचित प्रथम कविता कौन-सी है?
— जूही की कली (1916 ई.)

16. हिन्दी में मुक्त छंद का प्रवर्तक किसे माना जाता है?
— सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

17. निराला ने 'कवित्त' को क्या कहा है?
— हिन्दी का जातीय छंद

18. हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ शोकगीत किसे माना जाता है?
— सरोज स्मृति

19. निराला कृत 'राम की शक्तिपूजा' महाकाव्य का उपजीव्य ग्रंथ कौन-सा है?
— बांग्ला ग्रंथ 'कृतबास रामायण'

20. निराला कृत 'तुलसीदास' खण्ड काव्य में कितने छंद हैं?
— 101

21. आचार्य शुक्ल के अनुसार निराला में कौन-सी प्रतिभा है?
— बहुवस्तुस्पर्शिनी प्रतिभा

22. निराला द्वारा रचित अंतिम काव्य संग्रह का नाम क्या है?
— सांध्यकाकली

23. निराला की अंतिम कविता कौन-सी है?
— पत्रोत्कंठित जीवन का विष बुझा हुआ है

Scanned with CamScanner